तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 23 जुलाई 2026



11 राजिम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक...





12 बारिश ने खोली जनपद से जुड़ी अनेक सड़कों की ...







LIFE CARE DIAGNOSTIC CENTRE

Your Health, Our Priority

राजिम नवापारा में पहली बार MRI MACHINE का आगाज

अब उन्नत तकनीक, सटीक जांच और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं आपके शहर में

50% OFF

GRAND OPENING Ceremony

उद्घाटन 13 जुलाई 2026, दिन - सोमवार

Pattharra Mode, College Road, Vyavahar Nyayalay ke Pass, Rajim, Contact : +91 86022 59351





प्रवेश प्रारंभ

B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA, PG Diploma in Yoga Edu.

AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त

(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

मो.न. - 8103982557


पिछले 24 घंटे से क्षेत्र में रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते राजिम संगम के तीनों नदी पैरी, सोंढुर और महानदी ऊफान मारने लगी है। नदी का जल स्तर दोनों शहर राजिम और नवापारा के तटबंध तक फैला हुआ है जो समुद्र की तरह नजर आ रहा है।

# राजिम संगम पर पैरी, सोंढुर और महानदी उफान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

मालूम हो कि पखवाड़े भर के भीतर यह दूसरी बाढ़ है। आपको यह बता दें कि बारिश जरूरी हो रही है पर तेज नहीं है। नालों में धार नहीं है। राजिम के पथर्रा नाले में 15 दिन पहले एक डेढ़ फिट पानी बह रहा रहा था जहां बुधवार को शाम 4 बजे देखा गया तो सड़क में पानी नही था। इससे साफ जाहिर है गरियाबंद-मैनपुर के ऊपरी ईलाके में हुई बारिश के पानी का प्रभाव राजिम संगम में देखने को मिल रहा है।



## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार



**गरियाबंद।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे नया सवेरा अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 1,400 रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध नशे के परिवहन और बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना गरियाबंद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मालगांव में एक संदिग्ध के घर दबिश दी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने फागुराम गंधर्व 47 वर्ष निवासी मालगांव, थाना एवं जिला गरियाबंद को 7 लीटर अवैध कच्ची देशी महुआ शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया।

### कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई। घटना ग्राम बोंदा के नवा तालाब के आगे सारंगढ़ मेन रोड के पास की है। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बोंदा का नेताल सिंह अपनी बाइक से सरायपाली सामान खरीदने गया था। जिसकी बाइक को शाम लगभग 04 बजे ग्राम बोंदा के नवा तालाब के आगे सारंगढ़ मेन रोड के पास सारंगढ़ की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 एफएच 1084 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर नेपाल सिंह गड़तिया के मोटर सायकल को टक्कर मार दिया।

## नेशनल हाईवे 130 में धुरवागुड़ी और बुड़गेलटप्पा के बीच हादसा

# बोलेरो- ट्रक में टक्कर, देवभोग रेंजर की मौत, आठ लोगों की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले में मैनपुर- देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी में बुधवार शाम वन विभाग देवभोग की बोलेरो और एक तेज रफ्तार ट्रक की आमने–सामने भिड़ंत में वन परिक्षेत्र अधिकारी देवभोग अश्वनी दास मुरचुलिया की मौत हो गई। वहीं वाहन चालक सहित कुल 8 लोग गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे हैं। हादसा धुरवागुड़ी और बुड़गेलटप्पा के बीच हुआ है।

- जिला मुख्यालय में बीएमसी का प्रशिक्षण लेकर लौटे रहे थे

जानकारी के अनुसार आज गरियाबंद में बीएमसी सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रेंजर सहित वन विभाग के कर्मचारी 9 लोग बोलेरो से माध्यम से देवभोग लौट रहे थे। इसी दौरान मैनपुर विकासखण्ड के बुड़गेलटप्पा और धुरवागुड़ी के बीच सामने से आ रहे एक ट्रक ने सीधे टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि वन विभाग के बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त



हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों, प्रशासनिक अमला और सुरक्षा बल के जवानों ने राहत कार्य शुरू किया। सभी घायलों को तत्काल देवभोग अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रेंजर अश्वनी दास मुरचुलिया को सबसे अधिक चोटें आई, जिसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अन्य 8 घायलों का उपचार जारी है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस और संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू की। वहीं मृतक रेंजर अश्विनी दास के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना से वन विभाग और पूरे इलाके में शोक की लहर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एनएच के संकरा व सिंगल होने के कारण आए दिन जा रही जान

उल्लेखनीय है कि मैनपुर-देवभोग नेशनल हाइवे मार्ग की हालत बेहद ही दयनीय है। नेशनल हाइवे 130 सी में झरियाबाहरा से धुरवागुड़ी तक सड़क सकरी और सिंगल होने के कारण आए दिन दुर्घटना होना आम बात हो गई है। सड़क किनारे मुरूम के जगह मिट्टी डाल दिया गया है जिसके कारण दोपहिया चार पहिया वाहन पलट रहा है या फिर गड्ढे मे जा समा रहा है। इससे लोगों की जान जा रही है। बारिश के चार महीने इस मार्ग में दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों द्वारा बचाव के लिए कोई भी उपाय नहीं किया गया है।

## बिजली ट्रांसफॉर्मर खोलकर लाखों का तांबा ले गए चोर



**फिंगेश्वर।** 33 केवी बिजली लाइन पर लगे ट्रांसफॉर्मर को निशाना बनाते हुए चोरों ने उसके अंदर का लाखों का कॉपर यानी तांबा को पार कर दिया है। मामला नगर के पास स्थित सरगी नाला इंटेकवेल का है। यहां जलापूर्ति संचालन के लिए दो 33 केवी पावर ट्रांसफॉर्मर लगाए गए थे। रात के अंधेरे में चोरों ने पूरी योजना के साथ एक ट्रांसफॉर्मर को अपना निशाना बनाया और उसके अंदर लगा तांबा निकालकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में चोर लगातार पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। नागरिकों सहित किसानों के पंपों की चोरी का आज तक कोई सुराग नहीं मिला है।

- फिंगेश्वर में शातिर चोरों का बड़ा कारनामा
- बिजली लाइन काटी, ट्रांसफार्मर उतारा, नट खोले और ले गए कॉपर

**ऐसे दिया वारदात को अंजाम :** चोर सबसे पहले परिसर की लोहे की जाली काटकर अंदर घुसे। इसके बाद बिजली सप्लाई बंद की, ट्रांसफॉर्मर के सभी कनेक्शन अलग किए और खंभे से नीचे उतार लिया। फिर करीब 28 नट–बोल्ट खोलकर ट्रांसफॉर्मर को खोला और अंदर लगा कॉपर निकाल लिया।हैरानी की बात यह है कि ⏭ शेष पेज 10 पर

## समयबद्ध और प्रभावी तरीके से कार्यों को करें पूरा: रोहित

**राजिम।** क्षेत्र में चल रहे अनेक विकास कार्यों और आगामी कार्ययोजना को लेकर राजिम विधायक रोहित साहू ने स्थानीय विश्राम गृह में एक उच्च स्त रीय समीक्षा बैठक ली। इबैठक में लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, सेतु निगम और विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विधायक रोहित साहू ने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, विभागीय योजनाओं और जनहित से जुड़ी

- विधायक ने विभिन्न विभागों की ली समीक्षा बैठक



प्राथमिकताओं पर अधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने क्षेत्र की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों को संवारने पर विशेष जोर देते हुए प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों जतमई,घटारानी, झरझरा एवं चिंगरापगार को पर्यटन की दृष्टि ⏭ शेष पेज 10 पर

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**नवापारा–भेण्डरी।** भेण्डरी के एक युवक ने फांसी लगा ली। करेली पुलिस चौकी से जानकारी मिल रही है कि युवक कामदेव 31 वर्ष पिता नंद कुमार साहू भेण्डरी चांदापार का रहने वाला है। अपने घर के कमरे में छज्जा के हुक पर गमछा बांधकर फांसी लगाकर झूल गया। सोमवार की रात खाना खाकर परिवार के लोग सभी अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह घर के लोग उठे तो उसके कमरे का दरवाजा बंद था आवाज लगाने पर युवक ने दरवाजा नहीं खोला तो घर के लोग घबरा गए। परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। इसकी सूचना करेली पुलिस चौकी को दी गई। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम बंजारे अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंचे। शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मगरलोड सरकारी अस्पताल भेजा गया।

## नीट धांधली और राहुल-खड़गे की गिरफ्तारी का विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

नीट परीक्षा में कथित धांधली और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर के तिरंगा चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया।

- गरियाबंद कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम का पुतला दहन

कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय से रैली के रूप में निकले और तिरंगा चौक पहुंचकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। इस दौरान पुतला दहन के समय पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई। इस अफरा-तफरी में कुछ कार्यकर्ता आग की लपटों की चपेट में आकर मामूली रूप से झुलस गए।

प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कार्यालय के सह प्रभारी एवं पार्षद छगन यादव सहित जिले के अन्य पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर छगन यादव ने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है, लेकिन केंद्र सरकार निष्पक्ष जांच कराने के बजाय विरोध करने वाले विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई कर रही है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे छात्रों के हित में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन उनकी गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। यह लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास है, जिसे कांग्रेस स्वीकार नहीं करेगी।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सोनवानी ने कहा कि देश का युवा वर्ग नीट परीक्षा में कथित धांधली से आक्रोशित है और कांग्रेस छात्रों के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि जब तक नीट अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिलता, तब तक कांग्रेस का आंदोलन सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगा। प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष सन्नी मेमन, जिला महामंत्री राजेश ⏭ शेष पेज 10 पर

## स्कूल भवन की दीवारों में भी दरारें, एक कमरे के भीतर पांच कक्षाएं संचालित

# जर्जर स्कूल के छतों से रिस रहा पानी, छतरी ओढ़कर बच्चे पढ़ाई करने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में दर्जनों स्कूल भवन बेहद जर्जर हो गए हैं। शासकीय प्राथमिक शाला और मिडिल स्कूलो की छत और दीवारों की हालत इतना बद से बदतर हो गई है। जान जोखिम में डालकर नवनिहाल पढ़ाई करने मजबुर हो रहे हैं। 3–4 दिनों से लगातार हो रही रिमझिम बारिश के चलते अब कई स्कूल भवन के छत जो पूरी तरह जर्जर हो गये हैं उसके भीतर पानी झरने की तरह गिर रहा है। टपकती छत के नीचे बच्चे छाता तानकर पढ़ाई करने विवश हो रहे हैं। तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 15 किमी दूर ग्राम फरसरा के प्राथमिक शाला भवन के छत बुरी तरह जर्जर होने के कारण पानी कमरों के भीतर झरने की तरह बह रहा है। स्कूल के कमरे पानी से भर गया है। पास ही एक स्कूल भवन का निर्माण 8 साल पहले

- जर्जर हो चुके स्कूल भवन के छतों पर मंडरा रहा है मौत का खौफ, शिक्षा विभाग बेखबर

खास खबर



किया है, वह भवन भी बेहद जर्जर हो गया है और इस जर्जर भवन के तीन कमरों में पानी बह रहा है। बरामदे में पांच कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जहां 14 छात्र –छात्राएं अध्यनरत है। लगातार बारिश के कारण झरने की तरह पानी कमरों के भीतर बहने से पालक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डर रहे हैं। ग्राम खोलापारा प्राथमिक शाला भवन भी बेहद जर्जर हो गया है। इसके दीवार और कमरे से पानी रिस रहा है। लगातार बारिश में पानी रिसने के कारण मजबुरन आंगनबाड़ी में स्कूल का संचालन किया जा रहा है। एक कमरे के भीतर आंगनबाड़ी के बच्चे और प्राथमिक शाला के पांच कक्षाओं के बच्चे एक साथ कैसे पढ़ाई करते होंगे यह अपने आप में सोचने को मजबुर करता है।

**पयलीखण्ड स्कूल भवन के छत से लगातार पानी रिसाव के कारण छाता लगाकर बच्चे पढ़ाई कर रहे :** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पयलीखण्ड में प्राथमिक शाला एवं मिडिल स्कूल का संचालन दो कमरों ⏭ शेष पेज 10 पर

### बीईओ करेंगे स्कूल भवनों का निरीक्षण

स्कूल भवनों का बीईओ को निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है, जहां भी जर्जर भवन है, वहां बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी।

**राजेश चंद्राकर**, जिला शिक्षा अधिकारी, गरियाबंद

### राज्य सरकार की नाकामी

क्षेत्र के जर्जर स्कूलों की जानकारी पूर्व में ही शासन प्रशासन को दी जा चुकी है। राज्य सरकार के नाकामी के चलते क्षेत्र के जर्जर स्कूलों में जान जोखिम में डालकर बच्चे पढ़ाई करने विवश हो रहे हैं।

**जनक ध्रुव**, विधायक बिन्द्रानवागढ़

# नवापारा का प्रवेश द्वार बना डेंजर जोन, अंधे मोड़ पर हर दिन हादसे का खतरा

## ब्रेकर, संकेत बोर्ड और सुव्यवस्थित तिराहे के अभाव में रोज हो रही टक्कर, बड़े हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर का प्रमुख प्रवेश द्वार इन दिनों दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। राजिम, रायपुर, कुरूद-धमतरी और गंज रोड को जोड़ने वाला यह व्यस्त तिराहा अपनी खतरनाक बनावट और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के कारण डेंजर जोन में तब्दील हो चुका है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, लेकिन सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम न होने से हर पल हादसे का खतरा मंडराता रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह तिराहा पूरी तरह अंधा मोड़ बन गया है। किसी भी दिशा से आने वाले वाहन चालकों को दूसरी ओर से आ रही गाड़ियों का सही अंदाजा नहीं लग पाता। इसी वजह से आए दिन बाइक, कार और अन्य वाहनों की टक्कर होती रहती है। कई बार विवाद की स्थिति भी बन जाती है। हालांकि अब तक बड़े हादसे टलते रहे हैं, लेकिन जिस तरह यहां रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं, उससे किसी भी दिन बड़ी जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता। यह तिराहा कई प्रमुख मार्गों का संगम है। रायपुर से आने वाले वाहन सीधे राजिम, गरियाबंद या गंज रोड की ओर मुड़ते हैं। वहीं राजिम और गरियाबंद की ओर से आने वाले वाहन रायपुर या गंज रोड की तरफ जाते हैं। कुरूद-धमतरी की दिशा से आने वाले वाहनों का भी यही मुख्य मार्ग है। इसके अलावा सोमवार बाजार और आसपास के मोहल्लों से निकलने वाले वाहन भी इसी स्थान से होकर गुजरते हैं। अलग-अलग दिशाओं से लगातार वाहनों की आवाजाही होने के कारण यहां हर समय भ्रम की स्थिति बनी रहती है।

### आने वाला वाहन दिखाई नहीं देता

सबसे अधिक परेशानी तब होती है, जब गंज रोड से कोई वाहन राजिम की ओर मुड़ता है या राजिम की ओर से गंज रोड की तरफ जाता है। मोड़ पर सामने से आने वाला वाहन दिखाई नहीं देता। यदि उसी समय रायपुर या राजिम की ओर से कोई वाहन तेज गति में आ जाए तो टक्कर होना लगभग तय माना जाता है। यही कारण है कि यहां रोजाना छोटी-मोटी दुर्घटनाएं, वाहन भिड़ंत, बहस और झगड़े देखने को मिलते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क पर कहीं भी गति नियंत्रित करने के लिए स्पीड ब्रेकर नहीं बनाया गया है। न तो किसी प्रकार का चेतावनी संकेत बोर्ड लगाया गया है और न ही दिशा बताने वाले संकेतक मौजूद हैं। नए वाहन चालक या बाहरी लोग यहां पहुंचते ही भ्रमित हो जाते हैं और अचानक वाहन मोड़ देते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना और बढ़ जाती है। लोगों का कहना है कि यदि इस स्थान पर वैज्ञानिक तरीके से छोटा गोलचक्कर या व्यवस्थित तिराहा विकसित कर दिया जाए तो अधिकांश समस्याएं स्वतः समाप्त हो सकती हैं।



### जनहित का सवाल

नवापारा का यह प्रवेश द्वार आज हजारों लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही का प्रमुख मार्ग है। यदि अभी भी जिम्मेदार विभाग नहीं चेते तो यह अंधा मोड़ किसी भी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकता है। रोज हो रही छोटी दुर्घटनियां स्पष्ट संकेत दे रही हैं कि अब केवल इंतजार नहीं, बल्कि तत्काल स्थायी समाधान की आवश्यकता है। जनहित और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन को बिना देर किए प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि किसी अनहोनी से पहले लोगों की जान बचाई जा सके।

## खबर संक्षेप

### मौसमी बीमारियों से बचने विशेष सावधानी व परहेज जरूरी



**सुरसाबांधा।** बारिश का मौसम शुरू होते ही सर्दी, खांसी, वायरल बुखार, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड एवं अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू ने क्षेत्रवासियों से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू ने कहा कि बारिश के मौसम में दूषित पानी, गंदगी और मच्छरों के कारण कई प्रकार की बीमारियां तेजी से फैलती हैं। इसलिए सभी नागरिक उबला या स्वच्छ पानी पीएं, ताजा एवं पौष्टिक भोजन करें, खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचें तथा घर और आसपास पानी का जमाव न होने दें। उन्होंने कहा कि बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को इस मौसम में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार बुखार, सर्दी, खांसी, शरीर दर्द या अन्य असामान्य लक्षण दिखाई दें तो स्वयं इलाज करने के बजाय तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या चिकित्सक से परामर्श लें।

### छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण : इंद्रजीत



**गरियाबंद।** दिल्ली में विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और तनावपूर्ण घटनाक्रम को लेकर जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने का अधिकार प्रत्येक नागरिक और छात्र को संविधान ने दिया है, ऐसे में छात्रों की आवाज सुनने के बजाय बल प्रयोग की घटनाएं चिंताजनक हैं। महाडिक ने कहा कि देश का युवा आज शिक्षा, रोजगार और अपने भविष्य को लेकर पहले से ही अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में सरकार और प्रशासन को छात्रों की समस्याओं का समाधान संवाद और सकारात्मक पहल के माध्यम से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि छात्रों की मांगों पर समय रहते गंभीरता से विचार किया जाता, तो हालात इस स्तर तक नहीं पहुंचते। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य स्तर पर सरकारें युवाओं के मुद्दों को लेकर संवेदनशीलता दिखाने में असफल रही हैं। छात्रों के हितों से जुड़े मामलों को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखने के बजाय उनके भविष्य को ध्यान में रखकर निर्णय लिया जाना चाहिए।

## साल, बीजा एवं अन्य प्रजातियों के गीले वृक्षों को काटने की थी तैयारी

# जंगल में गर्डलिंग कर 4.129 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण की साजिश नाकाम, आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





उदंती–सीतानदी टाईगर रिजर्व के रिसगांव परिक्षेत्र के अंतर्गत कोर एरिया में गाताबाहरा के सात व्यक्तियों द्वारा आरक्षित वनभूमि कक्ष कमांक 158 में ईमारती साल, बीजा एवं अन्य प्रजातियों के गीले वृक्षों की गर्डलिंग कर अतिक्रमण करने की साजिश को वन विभाग ने नाकाम कर दिया है। मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

■ उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के रिसगांव परिक्षेत्र का मामला

वन विभाग के अनुसार उपनिदेशक उदंती–सीतानदी टाईगर रिजर्व गरियाबंद के 15 जुलाई को क्षेत्रीय प्रवास के दौरान सीतानदी अभयारण्य परिक्षेत्र रिसगांव के सहायक वृत–फरसगांव परिसर–गाताबाहरा कक्ष कमांक 158 आरक्षित वनक्षेत्र में वृक्षों की गर्डल एवं वनभूमि पर अतिक्रमण कर हल से जोताई कर मक्का की बोआई किया जाना पाया गया था। अतिक्रमण के संबंध में पूछताछ किए जाने पर ग्राम गाताबाहरा के निवासियों समारू व. चमरू जाति कमार उम्र 53 वर्ष, ग्राम गाताबाहरा, मयाराम व. सिंगली जाति कमार उम्र 38 वर्ष ग्राम गाताबाहरा, श्रवण पिता उदेराम जाति गोंड उम्र 35 वर्ष ग्राम गाताबाहरा, डोमार पिता रतीराम जाति गोंड़ उम्र 55 वर्ष ग्राम गाताबाहरा, राजेन्द्र पिता नंदूराम जाति गोंड़ उम्र 51 वर्ष ग्राम–गाताबाहरा, राजू पिता नंदूराम जाति गोंड़ 47 वर्ष ग्राम गाताबाहरा, सरजू पिता नंदूराम जाति गोंड़ उम्र 44 वर्ष ग्राम गाताबाहरा सभी थाना खल्लारी तहसील नगरी जिला धमतरी द्वारा रिसगांव परिक्षेत्र के कोर एरिया आरक्षित वन कक्ष कमांक 158 आरक्षित वनभूमि में खड़े गीले वृक्षों की 132 नग ईमारती साल, बीजा एवं अन्य प्रजातियों के वृक्षों को टंगिया से गर्डलिंग किया गया था। कुल 4.129 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वनभूमि पर अतिक्रमण के बाद जोताई कर मक्का की खेती कर रहे थे। वन्यजीवों के वासस्थल नष्ट करने, पर्यावरण प्रदूषित करने का अवैधानिक कृत्य पाये जाने पर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 27, 29, 31, 50, 51, 52 एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (च), 26 (ज) का उल्लघंन होने पर पी. ओ.आर. कमांक 26/627 दिनांक 17.07.2026 पंजीबध्द्ध किया गया है। वन अपराध प्रकरण में सभी आरोपियों के विरूध्द्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय नगरी जिला धमतरी के समक्ष 20 जुलाई को प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल धमतरी दाखिल कराया गया है।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

कार्रवाई में चन्द्रबली ध्रुव वनक्षेत्रपाल परिक्षेत्र अधिकारी रिसगांव, बैकुण्ठ सिंह ठाकुर उपवनक्षेत्रपाल सहायक परिक्षेत्र अधिकारी फरसगांव, सोमनाथ पाडे वनपाल परिक्षेत्र सहायक खल्लारी, लिलेश्वर वनरक्षक परिसर रक्षी गाताबाहरा, गिरधर दीवान वनरक्षक परिसर रक्षी रिसगांव, भोजराज नेताम वनरक्षक परिसर रक्षी खल्लारी, पेवनलाल ध्रुव वनरक्षक परिसर रक्षी पश्चिम एकावारी एवं वनचौकीदार दीनानाथ यादव एवं रिसगांव परिक्षेत्र के पेट्रोलिंग श्रमिक शामिल रहे।

# पैंगोलिन का उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व की संयुक्त टीम ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र मैनपुर के ग्राम नदीपारा, मैनपुरखुर्द में ग्रामीणों की सजगता और वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से एक पैंगोलिन का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम नदीपारा निवासी पुष्पराज पांडे (18 वर्ष), साधुराम पांडे (52 वर्ष), गेंदराज पांडे (15 वर्ष), नोहर पांडे (27 वर्ष) तथा पूरन यादव (24 वर्ष) के घर के समीप एक दुर्लभ पैंगोलिन दिखाई दिया। इनमें से दो किशोरों ने तत्काल उदंती–सीतानदी टाइगर रिज़र्व के कर्मचारियों दिनेश तथा ऑपरेटर रोमी को इसकी सूचना दी। सूचना प्राप्त होते ही कुल्हाड़ीघाट परिक्षेत्र एवं तौरेंगा परिक्षेत्र की संयुक्त टीम मौके पर पहुँची और सावधानीपूर्वक पैंगोलिन का रेस्क्यू किया। प्रारंभिक देखभाल के दौरान उसके भोजन हेतु दीमक एवं चींटियों की व्यवस्था की गई। वन विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक निगरानी के बाद उसे उसके प्राकृतिक एवं सुरक्षित आवास में छोड़ा जाएगा।

■ युवाओं की सतर्कता से दुर्लभ प्राणी बची जान

**समय पर मिली सूचना से बचाया जा सका: वन विभाग**

उदंती–सीतानदी टाइगर रिज़र्व के अधिकारियों ने बताया कि पैंगोलिन विश्व के सबसे अधिक तस्करी किए जाने वाले स्तनधारी जीवों में शामिल है तथा यह वन पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रजाति है। चींटियों और दीमकों को खाकर यह जंगलों के प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वन विभाग ने ग्रामीणों की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि वन्यजीव संरक्षण में स्थानीय समुदायों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। समय पर दी गई सूचना के कारण इस दुर्लभ जीव को सुरक्षित बचाया जा सका। उदंती–सीतानदी टाइगर रिज़र्व ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि किसी भी वन्यजीव के दिखाई देने पर उसे परेशान न करें। तत्काल वन विभाग को सूचित करें, ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य मंत्री से की सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

**मैनपुर।** विकासखंड के अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमलीपदर में वर्षों से चली आ रही डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मचारियों और आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं की कमी को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की।

जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि अमलीपदर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लगभग 30 से 35 ग्राम पंचायतों के करीब 40 हजार से अधिक ग्रामीण निर्भर हैं। प्रतिदिन यहां 100 से 150 मरीज ओपीडी में उपचार के लिए पहुंचते हैं, जबकि हर माह 30 से 40 प्रसूतियां भी इसी अस्पताल में कराई जाती हैं। इसके बावजूद अस्पताल में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं का गंभीर अभाव बना हुआ है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि शासन के मानकों के अनुसार इस स्वास्थ्य केंद्र में लगभग 33 डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की आवश्यकता है, लेकिन वर्तमान में केवल 8 कर्मचारी ही पदस्थ हैं। पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी मेडिकल ऑफिसर पदस्थ नहीं है, जिससे मरीजों को समय पर विशेषज्ञ उपचार नहीं मिल पा रहा है। जनप्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि अस्पताल में एक्स–रे मशीन तक उपलब्ध नहीं है। डॉक्टरों और आवश्यक जांच सुविधाओं के अभाव में गंभीर मरीजों को मजबूरी में दूसरे अस्पतालों के लिए रेफर करना पड़ता है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक, मानसिक और शारीरिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार समय पर उपचार नहीं मिलने से जान का भी खतरा बना रहता है। स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात के दौरान जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल, जनपद सभापति निर्भय सिंह ठाकुर, ग्राम पंचायत अमलीपदर के सरपंच हेमो नागेश तथा मुकेश साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

■ अमलीपदर अस्पताल के लिए डाक्टर, स्टॉफ आदि मांगा



**ये मांगें रखीं :** जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य मंत्री से मांग की कि अमलीपदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति, रिक्त डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के पदों की पूर्ति, एक्स–रे मशीन सहित आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि हजारों ग्रामीणों को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## वनों की सुरक्षा और अतिक्रमण से बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी

**रसेला।** ग्राम रसेला में बुधवार को वनभूमि, चारागाह, धरसा के अतिक्रमण के बारे में समस्त ग्रामवासी और वंन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त रुप से बैठक कर इस संबंध में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी छुरा मेघा श्री गोड ने कहा कि वनों की सुरक्षा देखभाल और अतिक्रमण से बचाना वास्तव में हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि जंगल पर्यावरण संतुलन, जलवायु नियंत्रण और वन्यजीव के संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है। वन, वनभूमि, चारागाह, धरसा को अतिक्रमण से बचाने और वनों के संरक्षण में हम अपने तरीकों से योगदान दे सकते हैं। रेंजर मैडम आगे कहा कि वन प्रबंधन समिति का नई गठन किया जाएगा, क्योंकि इसमें दो तीन लोगों का मृत्यु हो गई है। और अब नए सिरे से हम सब मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि सरकारी नियमों और वन संरक्षण कानूनों का सख्ती से पालन करना और प्रशासन का सहयोग भी करना। उपस्थित बैठक में सभी ग्रामीण अपने अपने विचार व्यक्त किए और अपनी बात भी रखें। रसेला बीट के नवपदस्थ डिप्टी रेंजर सतीश कुमार ने वन संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वनों की सुरक्षा प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। प्रकृति के दोहन से दूरगामी परिणाम मानव के लिए अच्छे नहीं होते हैं। यही वजह है कि आज हम प्रकृति का असंतुलन होने पर प्रकृति के प्रकोप जैसी आपदाओं को झेल रहे हैं।

# पितईबंद में रात के अंधेरे में रेत का उत्खनन तटबंध के 100 पेड़ों को नुकसान

**राजिम।** ग्राम पंचायत पितईबंद में महानदी के तटबंध से रात के अंधेरे में कथित रूप से धड़ल्ले से अवैध रेत उत्खनन किए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत ने इस संबंध में कलेक्टर खनिज शाखा, गरियाबंद को शिकायत पत्र भेजकर अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत की ओर से प्रस्तुत शिकायत में सरपंच गोदावरी बंजारे और सचिव लक्ष्मी निषाद ने बताया कि पितईबंद में कुछेक लोगो द्वारा रात करीब 2 बजे से अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। लगातार हो रहे उत्खनन से महानदी के तटबंध को नुकसान पहुंच रहा है। सरपंच- सचिव का आरोप है कि अब तक तटबंध पर लगे करीब 100 पेड़ों को नुकसान पहुंचाया जा चुका है, जिससे पर्यावरण पर भी गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। शिकायत में कहा गया है कि अवैध रेत उत्खनन के कारण तटबंध में कटाव बढ़ रहा है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो बारिश के दौरान तटबंध कमजोर होकर टूट सकता है और गांव की बस्ती तथा खेतों में बाढ़ का पानी घुसने का खतरा पैदा हो सकता है। सरपंच गोदावरी बंजारे और सचिव लक्ष्मी निषाद ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त लोगो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए तथा रात के समय होने वाले अवैध उत्खनन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए नियमित निगरानी और कार्रवाई की जाए। शिकायत की प्रतिलिपि अनुविभागीय अधिकारी राजिम, तहसीलदार राजिम, थाना प्रभारी राजिम और वन परिक्षेत्र अधिकारी फिंगेश्वर को भेजी गई है।

## पेज 9 के शेष

### बिजली ट्रांसफॉर्मर...

चोर बाकी पुर्जे वहीं छोड़कर केवल तांबा लेकर फरार हो गए।

**चौकीदार छुट्टी पर था :** सुबह जब चौकीदार मौके पर पहुंचा तो चोरी का खुलासा हुआ। वहीं,रात की ड्यूटी पर तैनात चौकीदार ने बताया कि घटना वाली रात वह ड्यूटी पर मौजूद नहीं था। सूचना मिलते ही फिंगेश्वर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस सुरागों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### समयबद्ध और प्रभावी तरीके...

से और अधिक सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की। समीक्षा बैठक के दौरान विधायक ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देखी और स्पष्ट निर्देश दिए कि चल रहे निर्माण और विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी परियोजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी की जाएं ताकि जनता को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके। विधायक साहू ने राजस्व एवं विद्युत विभाग को आमजन की दैनिक समस्याओं, नामांतरण, सीमांकन, और बिजली आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का तत्काल निराकरण करने के कड़े निर्देश दिए गए।

सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे बैठक के अंत में विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनसेवा ,सुशासन और क्षेत्र के चौमुखी विकास के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर तत्परता से काम करेंगे। बैठक में सेतु निगम,लोक निर्माण विभाग और वन विभाग के अधिकारियों ने भी चल रहे प्रोजेक्ट्स की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी और आश्वासन दिया कि दिए गए निदेर्शों का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष महेश यादव, डीएफओ शशिकानंदन के.,एसडीएम विशाल महाराणा,लोक निर्माण विभाग कार्यपालन अभियंता रामेश्वर प्रसाद सिंह और सेतु निर्माण,विद्युत विभाग और वन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### जर्जर स्कूल के छतों से रिस...

में किया जा रहा है और छत पूरी तरह जर्जर हो गई है। लगातार बारिश के कारण छत से पानी टपक रहा है, जिसके कारण मजबुरन बच्चे छाता लगाकर पढ़ाई करते नजर आ रहे हैं और यहां कोई दूसरा विकल्प भी नहीं है, क्योंकि यहां का मिडिल स्कूल भवन का निर्माण कार्य पिछले 21 वर्षों से अधुरा पड़ा है। कई बार अधुरे स्कूल भवन को पूरा कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए कोई ध्यान नहीं दिया गया और तो और इस गांव मे कोई सरकारी भवन भी नहीं है, जहां स्कूल का संचालन किया जा सके। पिछले 8 वर्षों में शिक्षा विभाग के कोई भी अधिकारी इस जर्जर स्कूल का निरीक्षण करने नहीं पहुंचे हैं, जहां बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने विवश हो रहे हैं। यहां प्राथमिक शाला और मिडिल स्कूल में दो दर्जन बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। ग्रामीण बुधराम नागेश, जादुराम नेताम, श्रीराम नागेश, खीरधर नेताम, जागेश्वर नागेश, भागीरथी नागेश, मोहन नेताम, देवसिंह नेताम, गोपाल नेताम, हीरालाल नागेश, कांशीराम नागेश, नयन नेताम, बिहारी सोरी, रूखमणी नागेश ने बताया कई बार जर्जर स्कूल भवन की शिकायत किया जा चुका है, लेकिन अब तक न तो मरम्मत किया गया और न ही अधुरे स्कूल निर्माण को पूरा किया गया।

**दबनई मिडिल स्कूल में पॉलीथिन से ढककर काम चलाया जा रहा :** मैनपुर मुख्यालय से महज 11 किमी दूर ग्राम पंचायत दबनई स्थित मिडिल स्कूल भवन का निर्माण महज 8 वर्ष पहले किया गया था लेकिन घटिया निर्माण के चलते छत की हालत बेहद खराब हो गई है और मिडिल स्कूल मे 31 छात्र –छात्राएं अध्यनरत है। दोनों कमरों के भीतर लगातार बारिश के कारण पानी का रिसाव हो रहा है। शिक्षकों ने छत के उपर पॉलीथिन डालकर छत को ढाका गया है और जैसे तैसे स्कूल का संचालन किया जा रहा है। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में दर्जनों स्कूल भवन बेहद जर्जर हो गये हैं, जहां बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने विवश है।

### नीट धांधली और...

साहू, जुनेद खान, पूर्व पार्षद योगेश बघेल, अमित मिरी, अहसन मेमन, प्रहलाद यादव, सौरभ ठाकुर, प्रेम यादव, मधु हरपाल, कादर हिंगोरा, चंद्रभूषण चौहान, उत्तम यादव, भानु सिन्हा, पंकज सिन्हा, मुकेश यादव, निक्की यादव, देवेंद्र यादव, अनीश मेमन, अमन दास मानिकपुरी, झनकार यादव, सौरभ यादव, नरेंद्र सिन्हा सहित जिला कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था रही।

## बारिश आते ही स्कूल में लग जाता है ताला, यहां जंगल और फिसलन भरे रास्ते से पढ़ने आते हैं छात्र

# प्राथमिक शाला कनफाड़-1 में सरकारी दावों की सच्चाई उजागर

**रसेला।** एक ओर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर सरकारी स्कूलों को आधुनिक बनाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर अंचल के प्राथमिक शाला कनफाड़-1 (मड़वापथरा) सरकारी दावों की सच्चाई उजागर कर रहा है। यहां बारिश शुरू होते ही स्कूल की छत झरने की तरह टपकने लगती है और पूरा स्कूल बंद कर बच्चों को दूसरे गांव भेज दिया जाता है। यह समस्या नई नहीं, बल्कि पिछले एक वर्ष से लगातार बनी हुई है। सरपंच लता नागेश, जनपद सदस्य बिमला नागेश, शाला विकास समिति अध्यक्ष किशनुलाल, गौरसिंह कैलाश ,धर्मसिंह आदि ग्राम प्रमुख और जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी है, लेकिन इसके बावजूद न तो भवन की मरम्मत हुई और न ही कोई स्थायी समाधान निकाला गया।क्या शिक्षा विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? छोटे-छोटे मासूम बच्चों को रोजाना करीब 2 किलोमीटर दूर कछारपारा स्कूल तक जाने के लिए जंगल और फिसलन भरे रास्ते से से गुजरना पड़ता है। बारिश के मौसम में यह रास्ता और भी खतरनाक हो जाता है। यदि रास्ते में किसी बच्चे के साथ कोई दुर्घटना हो जाए, याजर्जर भवन की छत गिर जाए, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? जिला शिक्षा अधिकारी? विकासखंड शिक्षा अधिकारी? जिला प्रशासन? या फिर वही सिस्टम जो केवल फाइलों में विकास दिखाता है? जतन योजना में लाखों खर्च, लेकिन इस स्कूल की तरफ क्यों नहीं गई नजर? जिले के कई जर्जर स्कूलों की मरम्मत जतन योजना के तहत कराई गई। लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन मड़वापथरा प्राथमिक शाला को इस योजना से बाहर क्यों रखा गया? क्या अधिकारियों ने कभी इस स्कूल का निरीक्षण किया? यदि किया तो रिपोर्ट पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई यदि निरीक्षण नहीं किया गया, तो यह घोर लापरवाही है।



### फाइलों में विकास जमीन में बदहाली

शाला विकास समिति अध्यक्ष किशनुलाल ने कहा कि सरकारी रिपोर्टों में शिक्षा व्यवस्था उत्कृष्ट दिखाई जाती है, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि यहां बारिश आते ही स्कूल में ताला लग जाता है। यह केवल एक भवन की खराब स्थिति नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की नाकामी है जो करोड़ो रुपए खर्च करने के बाद भी बच्चों को सुरक्षित कक्षा तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। जनता पूछ रही कि जब पिछले वर्ष से शिकायत की जा रही है, तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

### शिक्षा की बदहाल तस्वीर

सरपंच लता नागेश और जनपद सदस्य बिमला नागेश ने कहा कि स्कूल दीवार पर निपुण भारत, लेकिन अंदर की दीवार पर बड़े-बड़े अक्षरों में निपुण भारत लिखा हुआ है, लेकिन उसी भवन के अंदर बारिश में पढ़ाई नहीं हो सकती। दीवारों पर योजनाओं का रंग चढ़ा है, लेकिन छत से पानी टपक रहा है। क्या केवल नारे लिख देने से शिक्षा व्यवस्था मजबूत हो जाएगी? जिला प्रशासन समय समय पर शिक्षा सुधार, स्कूल निरीक्षण और विकास कार्यों की समीक्षा करने के दावे करता है। यदि वास्तव में निगरानी हो रही है, तो फिर यह स्कूल आज तक बदहाल क्यों है? क्या जिम्मेदार अधिकारियों ने कभी इस विद्यालय का वास्तविक निरीक्षण स किया? क्या बच्चों की समस्या प्रशासन की प्राथमिकता में है या फिर केवल बैठकों और रिपोटों तक ही सीमित है?

## खबर संक्षेप

### पांच नए मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति, युवाओं में हर्ष

**सुरसाबांधा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति दिए जाने पर सुरसाबांधा क्षेत्र के युवाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्य सरकार का आभार जताया। युवाओं ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। युवाओं ने कहा कि नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों की निर्भरता कम होगी तथा स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं मिल सकेंगी। साथ ही मेडिकल की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को प्रदेश में ही बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।

### शीतला मंदिर में अखण्ड दुर्गा चालीसा पाठ आज

**रसेला।** गांव की सुख समृद्धि, शांति और सामाजिक समरसता की कामना को लेकर गुरुवार को शीतला मंदिर में सुबह 10 बजे से पांच घण्टे का अखण्ड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। विदित हो कि सद्गुरुदेव धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के संरक्षण एवं निर्देश में दुर्गा चालीसा का अखण्ड पाठ वर्षों से अनवरत अनंत काल के लिए पंच ज्योति शक्तितीर्थ सिध्दाश्रम धाम से सतत चल रहा है। इसी क्रम में रसेला के शीतला माता मंदिर में आज दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम सफल बनाने में जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख दूखूराम यादव,बिगेन्द्र ठाकुर, संतराम नेताम, नंदकिशोर यादव, रामायण ठाकुर, राघवेंद्र यादव, देवलाल बारिक भावसिह मरकाम, कमलेश्वर नायक, पुजारी भागवत कोमर्रा, टंकेश्वर कोमर्रा नाथुराम ठाकुर, सहित समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### निधन

### श्यामलाल ध्रुव



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम द्वारतरा निवासी श्यामलाल ध्रुव का सोमवार 20 जुलाई को निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। वे शिक्षक जागेश्वर ध्रुव एवं नोहरलाल ध्रुव के पिता थे। स्वर्गीय श्यामलाल ध्रुव का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम द्वारतरा में किया गया। अंतिम यात्रा एवं अंतिम संस्कार में समाज के लोगों, ग्रामीणों, रिश्तेदारों तथा परिजनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

### विधायक रोहित साहू और जनप्रतिनिधियों ने जनता को किया समर्पित

# राजिम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजिम में क्षेत्रवासियों की बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नवनिर्मित ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का लोकार्पण हुआ। इस आधुनिक यूनिट के प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को संक्रामक बीमारियों की त्वरित निगरानी, आधुनिक लैब जांच और बेहतर प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं का सीधा लाभ स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू रहे,साथ में राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगरपालिका अध्यक्ष महेश यादव भी उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर नवनिर्मित यूनिट का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही जिनमें प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी-नेहरू साहू,जिला पंचायत सभापति नंदनी-ओंकार साहू, नगरपालिका उपाध्यक्ष पूर्णिमा चन्द्राकर,सुश्री छाया राही वरिष्ठ भाजपा नेत्री ,पार्षद तुषार कदम ,सोमनाथ पटेल सदस्य जीवनदीप समिति,कुलेश्वर साहू सदस्य जीवन दीप समिति आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के शुरू होने से राजिम क्षेत्र के स्वास्थ्य परिदृश्य में बड़ा बदलाव आएगा। इस हेल्थ यूनिट में 97 प्रकार की विभिन्न रक्त एवं स्वास्थ्यगत जांचें अब निःशुल्क होगी जिसका विस्तृत रिपोर्ट भी 24 घंटे के अंदर मरीजों के पंजीकृत मोबाईल नंबर पर मिल जाएगी। ये सभी जांच अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से बहुत ही कम समय में अस्पताल में ही हो सकेंगी। इसके अलावा डेंगू, मलेरिया, डायरिया और अन्य मौसमी बीमारियों का डेटा तुरंत एकत्र कर उन पर त्वरित नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी और स्थानीय मरीजों को अब छोटी-मोटी जांचों और प्राथमिक इलाज के लिए बड़े शहरों या निजी पैथोलॉजी लैब के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इस यूनिट के शुभारंभ से ब्लॉक स्तर पर ही बीमारियों का रुझान देखकर समय रहते आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। कार्यक्रम को भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगरपालिका अध्यक्ष महेश यादव आदि ने भी संबोधित किया। समारोह के अंत में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने पधारे हुए सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूएस नवरत्न, सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, बीएमओ डॉ स्नेहलता हुमने, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, एल्डरमैन मधु नत्थानी, देवकी साहू, लक्ष्मी श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### विधायक रोहित साहू ने ली जीवनदीप समिति की बैठक, स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने दिए निर्देश

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवनदीप समिति की एक महत्वपूर्ण प्रबंधन बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता स्थानीय विधायक रोहित साहू ने की। बैठक में क्षेत्र के आम नागरिकों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं, अस्पताल के रखरखाव, दवाइयों की उपलब्धता और प्रशासनिक प्रबंधन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने स्पष्ट किया कि अस्पताल आने वाले हर मरीज को गुणवत्तापूर्ण और समय पर इलाज मिलना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, बैठने की व्यवस्था और रोशनी का उचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
विधायक साहू ने कहा कि अस्पताल में आने वाला मरीज उम्मीद लेकर आता है। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों का व्यवहार उनके प्रति संवेदनशील और सहयोगात्मक होना चाहिए। इलाज या दवाइयों की कमी के कारण किसी मरीज को परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक के प्रमुख रूप से अस्पताल में आवश्यक और जीवनरक्षक दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए गए, ताकि मरीजों को बाहर से दवाइयां न खरीदनी पड़ें। एक्स-रे, पैथोलॉजी लैब और अन्य जांच उपकरणों को दुरुस्त रखने तथा बंद पड़े उपकरणों को जल्द चालू करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा अस्पताल परिसर, वार्डों और शौचालयों की नियमित एवं

# नीट पेपर लीक पर कांग्रेस ने प्रदर्शन कर मांगा इस्तीफा



**अभनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बस स्टैंड में पीसीसी सचिव प्रवीण साहू के नेतृत्व में नीट पेपर लीक, छात्रों पर लाठीचार्ज, शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्था, छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे अन्याय तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं सांसदों की गिरफ्तारी के विरोध में प्रधानमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया।
प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। पुतला दहन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झूमा-झटकी भी हुई। पुलिसकर्मी पुतला छीनने का प्रयास करते रहे,जबकि कार्यकर्ता जलते हुए पुतले के साथ आगे बढ़ते रहे। इस अवसर पर प्रवीण साहू ने कहा परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी, गिरधारी साहू, श्रीमती नीमा निम्बेकर, पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, विमल साहू, शशिप्रकाश साहू, फ़तीश साहू, पार्षद बीरेंद्र सिन्हा, डोमेन्द्र साहू, बीरबल दास टंडन, हिम्मत सिंह, सोनजीत ध्रुव, श्रीमती भुवनेश्वरी सिन्हा, श्रीमती रेवती यादव, श्रीमती राखी ध्रुव, शैलेंद्र यादव, डॉ. ओमप्रकाश साहू, डोमेश सिन्हा, सुमित तंबोली, रॉबिन एंथोनी, मोंटू भार्गव, रवि साहू सहित स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### समर्थकों के साथ कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने पहुंचे कार्यकर्ता

**नवापारा-राजिम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के नेतृत्व में बुधवार को रायपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया गया। जिसमें साय सरकार के कुछ मंत्रीगण, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस घेराव कार्यक्रम में भाजपा नेता किशोर देवांगन भी अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। श्री देवांगन ने बताया कि सांसद और लोकसभा में नेता-विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा बड़ी संख्या में दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री के निवास के बाहर, बिना प्रशासनिक अनुमति के धरना-प्रदर्शन किया गया था। कांग्रेसियों के इस कृत्य को शर्मनाक बताते हुए इसके विरोध में रायपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया गया। युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने कहा कि मोदी सरकार के खिलाफ भड़काने का काम कांग्रेसियो द्वारा किया जा रहा है। किंतु देश की जनता उनके इस बहकावे में नही आने वाली। पीएम आवास के बाहर ऐसा धरना प्रदर्शन करने का दुष्प्रयास किया गया।



# नवोदित रचनाकार सम्मान समारोह में प्राचार्य श्याम सुंदर सम्मानित



**सुरसाबांधा।** वक्ता मंच एवं जन एकता फाउंडेशन द्वारा रायपुर के वृंदावन सभागृह में आयोजित नवोदित रचनाकार सम्मान समारोह में प्रदेश के 50 नवोदित रचनाकारों का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पं. पी. के. तिवारी रहे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ लेखिका सीमा पांडेय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार धर द्विवेदी, शुभा शुक्ला 'निशा' एवं ज्योति शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते तथा संयोजन संस्था के संयोजक शुभम साहू ने किया। राज्य स्तरीय कविता लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेशभर से चयनित 50 नवोदित रचनाकारों में सुरसाबांधा निवासी प्राचार्य श्याम सुंदर साहू को उनके उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान के लिए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य श्यामसुंदर साहू पिछले दो वर्षों से प्रेरणादायक गीत एवं कविताओं का सतत सृजन कर रहे हैं। उनकी 100 से अधिक रचनाएं विभिन्न समाचार पत्रों एवं साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। इस सम्मान पर विद्यालय परिवार के एचके बंसोर, केके साहू, टीके साहू, केएल साहू, डीके साहू, साहित्यकार जितेंद्र सुकुमार, अशोक पटेल, लक्ष्मी नारायण सेन, कुंती साहू सहित अनेक शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दीं।



### कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नवप्रवेशी छात्राओं का स्वागत

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालयके हरदीभाठा स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी बालिकाओं का स्वागत किया गया। साथ ही विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवप्रवेशी छात्राओं को तिलक लगा और मुंह मीठा करा कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें गणवेश, पुस्तक वितरण किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, भाजपा महिला प्रदेश महामंत्री नंदनी नेताम, जनपद सदस्य कुमारी पटेल, मैनपुर सरपंच हनिता नायक, पूर्व सरपंच सरिता ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जगोतिन बाई, गोविंद पटेल, प्रदीप सिन्हा, अधीक्षक संध्या कुटारे, कलेन्द्र मरकाम, देवकन्या ठाकुर, रिजवाना बानो, गुंजेश कपिल एवं बड़ी संख्या मे वरिष्ठजन व छात्राएं उपस्थित थे।

# दो दिन में पिता-पुत्र की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

- पिता की चिता की राख ठंडी भी नहीं हुई थी कि बेटे की भी हार्ट अटैक से गई जान

ग्राम परतेवा में एक परिवार पर ऐसा दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जिसने पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया। महज दो दिन के भीतर पिता और पुत्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में भी शोक और मातम का माहौल है। जानकारी के अनुसार, ग्राम परतेवा निवासी 82 वर्षीय चैतूराम वर्मा का मंगलवार को निधन हो गया। परिजनों और ग्रामीणों ने नम आंखों से उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया। परिवार अभी इस गहरे सदमे से उबर भी नहीं पाया था कि अगले ही दिन उनके पुत्र रामनारायण वर्मा को अचानक हार्ट अटैक आ गया। परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक दिन के अंतराल में पिता के बाद पुत्र की मौत की खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पिता की अंतिम विदाई के अगले ही दिन बेटे की अर्थी उठने का यह हृदयविदारक दृश्य देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। इस दुखद घटना से ग्राम परतेवा में शोक की लहर है। परिवार के साथ पूरा गांव गमगीन है और हर कोई इस असहनीय पीड़ा में शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधा रहा है।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर हुआ तत्काल समाधान

**मैनपुर।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 राज्य शासन की एक प्रभावी जनशिकायत निवारण व्यवस्था है, जिसके माध्यम से प्रदेश का कोई भी नागरिक अपनी समस्या, शिकायत अथवा सुझाव सीधे शासन तक पहुंचा सकता है। हेल्पलाइन में दर्ज प्रत्येक शिकायत का संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित समय–सीमा में परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाता है। शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग भी की जाती है, जिससे आम नागरिकों को त्वरित राहत मिलने के साथ शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनसेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में दर्ज शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत मोखागुड़ा के धौराझोला पारा में जल जीवन मिशन के तहत स्थापित सोलर ड्यूल पंप को मरम्मत के बाद पुनः चालू कर दिया गया है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को फिर से नियमित पेयजल उपलब्ध होने लगा है। क्रेडा विभाग के जिला प्रभारी श्री टीआर धुरव ने बताया कि ग्राम मोखागुड़ा निवासी देनेश्वर राम नागेश ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थापित सोलर ड्यूल पंप काफी समय से बंद पड़ा है तथा टंकी में भी सुधार की आवश्यकता है। शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

# नपं में नव नियुक्त एल्डरमेनों का शपथ ग्रहण

**छुरा।** नगर पंचायत छुरा के सभा कक्ष में नव नियुक्त एल्डरमेन तुलाराम साहू, सफर सचदेव एवं धर्मेंद्र चंद्राकर का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। तीनों नव नियुक्त एल्डरमैन को अनुविभागीय दंडाधिकारी छुरा द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व राजिम विधायक संतोष उपाध्याय, जिला पंचायत गरियाबंद की सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर, अनुविभागीय दंडाधिकारी छुरा विशाल महाराणा, नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, उपाध्यक्ष समीम खान एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक कुमार सलामे की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



सभी अतिथियों ने नव नामनिर्दिष्ट पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विकास कार्य पर जोर देने आग्रह किया।तीनों नव नियुक्त एल्डरमैन लंबे समय से जनसेवा, सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के समर्पित एवं अनुशासित कार्यकर्ता के रूप में संगठन के विभिन्न दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया है। नगर के विकास, जरूरतमंदों की सहायता, सामाजिक समरसता तथा सार्वजनिक हित के कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। उनकी कर्मठता, स्वच्छ सार्वजनिक छवि, संगठन के प्रति समर्पण तथा वर्षों की जनसेवा को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने उन्हें नगर पंचायत छुरा का एल्डरमैन नियुक्त किया है। नगरवासियों ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव, सेवा भावना एवं संगठनात्मक क्षमता से नगर पंचायत के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति बलराज पटेल, चित्ररेखा ध्रुव, रजनी लहरे, भोलेशंकर जायसवाल, गरिमा ध्रुव एवं पार्षद संगीता दीक्षित, हरीश यादव, सलीम मेमन, यामीन (ट्रांसजेंडर), शांतनु देवांगन, देवसिंह नेताम, रामजी दीवान, पंचराम टंडन, दीप्ति यादव सहित दुलम बाई ध्रुव, राजकुमारी साहू, संतोषी साहू, कुंती परसू यादव, श भगवंतीन सिन्हा, नंदनी कोपेश्वर साहू, फूलबाई धनेन्द्र यादव, भारती रितेन्द्र सिन्हा, नंदनी नोवेन्द्र देवांगन, माहेश्वरी नेहरू साहू, सुनीता चंद्राकर, कामनी कृपाशंकर यादव, कंचन कुलेश्वर सिन्हा, श्रीमती कुमारी बाई निषाद, रूपा पुरन निषाद, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा थानसिंह निषाद, नारायण पटेल, धरम दास थदानी, गैंद राम ध्रुव, रूद्रदेव वर्मा, मानसिंग निषाद, चित्रसेन देवांगन, शेख आलम, समारू साहू, संतोष ध्रुव, सरवर खान, विनय गुप्ता, आसकरण टंडन, अजमेर खान, मोती रात्रे, दिशांक चन्द्राकर, लीना दुबे, हेमलता उखराज ध्रुवा, निखिल साहू, रजत कुकरेजा, योगेश गायकवाड़, कंगालू राम सिन्हा, मयंक सोनी एवं कुश साहू भउराम निषाद, गणेशू साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में नव नियुक्त एल्डरमैन तुलाराम साहू, सफर सचदेव एवं धर्मेंद्र चंद्राकर का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने तीनों को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने अनुभव, ईमानदारी, सेवा भावना एवं संगठनात्मक दक्षता के बल पर नगर पंचायत छुरा के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण तथा सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दुशांत का प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग में चयन



**गरियाबंद।** जिले के छात्र दुशांत पिता ताराचंद सिन्हा का प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का अंतिम परिणाम जून 2026 में घोषित किया गया, जिसमें दुशांत सिन्हा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले की चयन सूची में 7वाँ स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन का परिणाम है।

### दुलना-पटेवा के किसानों की समस्या का नहीं हुआ समाधान



**नवापारा-राजिम।** जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सौरभ शर्मा ने कहा कि पिछले साल दुलना एवं पटेवा के किसानों के सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि बाढ़ के पानी में डूब गई थी, जिससे पूरे धान की फसल बर्बाद हो गई थी। किसानों द्वारा इस विषय को लेकर धरना प्रदर्शन भी किया गया था, जिसमें पूर्व विधायक धनेंद्र साहू ने समर्थन करते हुए अधिकारियों को समस्या का हल निकालने हेतु सुझाव भी दिया था। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ही किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया था, परंतु आज पर्यंत कोई प्रयास नजर नहीं आ रहा। वर्षा ऋतु में बाढ़ आने पर पुनः किसानों की मेहनत पर पानी फिर जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि इसी खरीफ फसल पर एक किसान के घर की सारी जरूरतें पूरी होती है। साथ ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था भी टिकी रहती है। इतनी बड़ी समस्या पर शासन-प्रशासन का गंभीर न होना बहुत ही दुखद और निंदनीय है। यदि इस साल महानदी में तटबंध का निर्माण हो जाता तो दुलना पटेवा और आसपास के किसान चिंतामुक्त होकर खेती करते लेकिन आज फिर से वे परेशान हैं कि यदि बाढ़ आई तो क्या होगा? श्री शर्मा ने कहा कि खाद एवं बीजों के दाम बढ़ने से किसान वैसे ही परेशान हैं ऊपर से उन्हें बाढ़ का डर उनके लिए दोहरी मार होगी।

### डिलेश्वर कुमार को मिली शोध उपाधि



**अभनपुर।** शिक्षक नगर निवासी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक श्यामलाल साहू के सुपुत्र डिलेश्वर कुमार साहू को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। श्री साहू ने अपना शोध कार्य प्राध्यापक डॉ. सूरज कुमार मुक्ति के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। उनके शोध का विषय प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण के साथ सतत उद्योग 5.0 भारतीय इस्पात क्षेत्र के संदर्भ में एक पारिस्थितिकी तंत्र मॉडल रहा।

### बीएमओ पर अधूरी, भ्रामक जानकारी देने का आरोप

**अभनपुर।** अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के पालन को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सीएमएचओ रायपुर के प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश के बाद भी जन सूचना अधिकारी एवं बीएमओ डॉ बीबी कोसरिया द्वारा अधूरी, भ्रामक एवं बिना पर्याप्त सत्यापन के जानकारी उपलब्ध कराई गई है, जिससे वास्तविक तथ्यों को छिपाने की आशंका पैदा हो रही है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाते बताया कि सीएचसी अभनपुर मे आरटीआई आवेदन आवक-जावक शाखा में जमा करने के बाद उसे बीएमओ से मार्किंग कराने के पश्चात ही स्वीकार किया जाता है। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अलग से आरटीआई शाखा और सहायक जन सूचना अधिकारी की व्यवस्था है। उनका आरोप है कि आरटीआई अधिनियम में ऐसी अनिवार्यता का कोई प्रावधान नहीं है, फिर भी यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# हाई टेंशन तार की चपेट में आए बालक प्रियांशु को आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

हाई टेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल 14 वर्षीय प्रियांशु पिता डीगेश्वर साहू वर्तमान में रायपुर के कालड़ा अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। बुधवार को विधायक इंद्रकुमार साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, परिक्षेत्र साहू समाज नवागांव, चंपारण के अध्यक्ष गैंदलाल साहू, उपाध्यक्ष रामकुमार हिरवानी तथा पेंशनर समाज के अध्यक्ष रविशंकर साहू, युवा नेता अविनाश साहू ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित बालक एवं उसके परिजनों से मुलाकात की तथा सर्व समाज के सहयोग से एकत्रित 53,783 की सहायता राशि उन्हें ससम्मान प्रदान की। यह राशि साहू समाज एवं अन्य समाज के 85 से अधिक दानदाताओं के सहयोग से एकत्रित हुई, जिसे गैंदलाल साहू ने बैंक से निकालकर समाज के प्रतिनिधियों के बीच विधायक जी को सौंपा जिसे सभी की उपस्थिति में पीड़ित परिवार को सौंपा। इस मानवीय पहल ने समाज की एकता, संवेदनशीलता और सेवा भावना का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया। विधायक श्री साहू ने हॉस्पिटल में पहुंचकर बालक के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली तथा हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सक से बालक के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली तथा बढ़िया इलाज करने का आग्रह किया। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू एवं परिक्षेत्र साहू समाज नवागांव-चंपारण के अध्यक्ष गैंदलाल साहू द्वारा उठाया गया यह मानवीय कदम अत्यंत सराहनीय, प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय है। यह केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि पीड़ित परिवार को यह विश्वास दिलाने का प्रयास है कि पूरा समाज उनके साथ खड़ा है।

**साहू समाज और सर्व समाज के 85 लोगों ने आर्थिक सहायता राशि दी**



#### इन्होंने दिया योगदान

इस सेवा अभियान में जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष हीरामन साहू,रीवा परिक्षेत्र के उपाध्यक्ष नंदकुमार साहू ,संजू सोनकर का विशेष योगदान रहा। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की ओर से इस पुनीत अभियान को पूर्ण समर्थन एवं सहयोग का विश्वास व्यक्त करते हुए समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने सभी परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं से विनम्र आग्रह किया कि इस पीड़ित बालक के उपचार हेतु यथाशक्ति आर्थिक सहयोग अवश्य प्रदान करें। आपका छोटा-सा सहयोग भी किसी परिवार के लिए नई आशा और जीवन का संबल बन सकता है।

### गड्ढों में तब्दील मुख्य मार्ग, हर सफर बन रहा हादसे का सबब

# बारिश ने खोली जनपद से जुड़ी अनेक सड़कों की पोल, जलाशय में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

लगातार हो रही झमाझम बारिश ने एक बार फिर क्षेत्र की सड़कों की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी है। जनपद पंचायत फिंगेश्वर से जुड़े, लोहरसी, सहसपुर, तरीघाट, कुंडेल, सिरीखुर्द, बिजली, खुटेरी, रविनगर, कौनदुकेरा, रोहिणा जैसे प्रमुख मार्ग इन दिनों गड्ढों और जलभराव का पर्याय बन चुके हैं। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे बारिश के पानी से पूरी तरह ढंक गए हैं, जिससे वाहन चालकों को यह तक पता नहीं चल पाता कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां। नतीजा यह है कि आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं, लोग घायल हो रहे हैं और हर सफर जोखिम भरा बन गया है।

- प्रमुख मार्गों पर जलभराव और गहरे गड्ढों से आवागमन संकट में, किसान, स्कूली बच्चे और राहगीर रोज उठा रहे जान जोखिम

**मुख्य मार्ग पर रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही :** यह सड़क केवल गांवों को जोड़ने वाला मार्ग नहीं, बल्कि जनपद पंचायत फिंगेश्वर, तहसील, अस्पताल, बैंक, बाजार और शासकीय कार्यालयों तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है। प्रतिदिन हजारों ग्रामीण, किसान, छात्र-छात्राएं, कर्मचारी और व्यापारी इसी मार्ग से गुजरते हैं। लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति के कारण अब लोगों को मंजिल तक पहुंचने से पहले अपनी सुरक्षा की चिंता सताने लगी है।



#### विभागीय लापरवाही पर उठ रहे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की स्थिति लंबे समय से खराब है, लेकिन समय पर मरम्मत नहीं कराई गई। हर वर्ष बारिश आते ही यही समस्या सामने आती है, फिर भी संबंधित विभाग केवल औपचारिकता निभाकर रह जाता है। यदि प्री-मानसून मरम्मत समय पर कर दी जाती तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। अब सवाल उठ रहे हैं कि आखिर सड़कों के रखरखाव के लिए जारी होने वाली राशि का उपयोग कहां हो रहा है।



**बारिश ने गड्ढों को बनाया जानलेवा जाल :** लगातार बारिश से सड़क पर बने गहरे गड्ढे पानी से भर गए हैं। वाहन चालकों को गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और अचानक वाहन असंतुलित होकर गिर जाते हैं। कई स्थानों पर दोपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

**स्कूली बच्चों और किसानों की बढ़ी परेशानी :** बरसात के बीच स्कूल खुल चुके हैं। छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन इन्हीं टूटी सड़कों से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है। अभिभावकों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। वहीं किसान कृषि कार्यों के लिए खाद, बीज और अन्य आवश्यक सामग्री लाने-ले जाने में भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। खराब सड़क के कारण कृषि उपज का परिवहन भी प्रभावित हो रहा है।

#### हर बारिश में दोहराई जाती है परेशानी

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है। हर वर्ष बरसात के मौसम में यही हालात बनते हैं। कुछ दिनों की मरम्मत के बाद सड़क फिर उखड़ जाती है और लोगों को महीनों तक परेशानी झेलनी पड़ती है। इससे शासन की सड़क निर्माण और रखरखाव व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### जनहित में तत्काल हस्तक्षेप जरूरी

क्षेत्र की यह सड़क केवल डामर की परत नहीं, बल्कि हजारों लोगों की जीवनरेखा है। यदि समय रहते गड्ढों की मरम्मत, सड़क का पुनर्निर्माण और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ सकती है। आम नागरिकों, किसानों, स्कूली बच्चों और मरीजों की सुरक्षा को देखते हुए संबंधित विभाग, जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को तत्काल संज्ञान लेकर स्थायी समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। बरसात के इस दौर में सुरक्षित सड़कें केवल सुविधा नहीं, बल्कि जनजीवन की आवश्यकता बन चुकी हैं।

# कांग्रेस कार्यालय घेराव में जिले से 52 भाजयुमो कार्यकर्ता शामिल



**राजिम।** कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री आवास के घेराव के विरोध में राजधानी रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय का प्रदेशव्यापी घेराव किया गया। इस आंदोलन में जिले से भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में 52 कार्यकर्ताओं का दल शामिल हुआ।

प्रदेशव्यापी आंदोलन के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस एवं सपा के विरोध में जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने के लिए अनेक संवैधानिक एवं शांतिपूर्ण माध्यम उपलब्ध हैं, लेकिन प्रधानमंत्री आवास जैसे संवेदनशील स्थल का घेराव करना लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं माना जा सकता। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इस प्रकार के आंदोलनों के माध्यम से राजनीतिक माहौल को अनावश्यक रूप से तनावपूर्ण बनाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संविधान की गरिमा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एवं सपा द्वारा किए जाने वाले कथित जनविरोधी एवं अलोकतांत्रिक कदमों का भाजयुमो सदैव लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करता रहेगा। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा एवं जनसेवा के संकल्प के साथ जनता के बीच सक्रिय है। इस अवसर पर जिला महामंत्री पंकज निर्मलकर ,नंदकिशोर चौबे ,गौतम शर्मा, संजय सोनकर, श्रेयांस उपाध्याय, शीतल सिन्हा, मनीष साहू, सुजल कोठारी, लिकेश्वर साहू, ओंकार साहू, अजय साहू, वैभव थदानी, मयंक सोनी, मुकेश ध्रुव सहित कुल 52 युवा मोर्चा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान भाजपा एवं भाजयुमो पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस एवं सपा के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदेशव्यापी विरोध अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# बरसते पानी में भी नहीं डगमगाए नन्हें कदम, रेनकोट पहन स्कूल पहुंचे बच्चे

**गरियाबंद।** लगातार हो रही बारिश के बीच जहां आम जनजीवन प्रभावित नजर आया, वहीं नन्हे बच्चों का शिक्षा के प्रति उत्साह प्रेरणादायक दृश्य बनकर सामने आया। तेज बारिश के बावजूद छोटे-छोटे बच्चे रंग-बिरंगे रेनकोट पहनकर और कंधों पर बस्ता टांगे स्कूल की ओर जाते दिखाई दिए। किसी के हाथ में छाता था तो कोई बारिश की बूंदों से बचते हुए मुस्कुराते हुए अपने साथियों के साथ विद्यालय पहुंच रहा था।

सड़कों पर जलभराव और कीचड़ जैसी परेशानियों के बावजूद बच्चों के कदम नहीं रुके। मासूम चेहरों पर पढ़ने की ललक और समय पर स्कूल पहुंचने का जज्बा साफ झलक रहा था। यह दृश्य न केवल शिक्षा के महत्व को दर्शाता है, बल्कि अभिभावकों की जागरूकता और बच्चों के अनुशासन का भी परिचायक है।



बारिश के बीच स्कूल जाते इन बच्चों की मासूमियत राहगीरों का ध्यान अपनी ओर खींच रही थी। वहीं फिंगेश्वर ब्लाक के स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि स्कूलों तक जाने वाले मार्गों की स्थिति बेहतर हो और जलभराव की समस्या दूर की जाए तो बच्चों को और अधिक सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा।

बरसात की फुहारों के बीच सड़क पर दिखी यह तस्वीर इस बात का संदेश देती है कि कठिन परिस्थितियां भी शिक्षा की राह में बाधा नहीं बन सकतीं। नन्हें बच्चों का यह उत्साह हर किसी के चेहरे पर मुस्कान और मन में प्रेरणा छोड़ गया।

# संगठन के शीर्ष नेताओं से मिले भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक साहू





**राजिम।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक साहू ने राजधानी रायपुर पहुंचकर भाजपा के प्रदेश संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संगठन के शीर्ष नेताओं का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और युवा मोर्चा की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। दीपक साहू ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय,भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज प्रदेश मंत्री अमित साहू भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, गरियाबंद जिले के प्रभारी अमित चिमनानी से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संदेश दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि युवा शक्ति ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना युवा मोर्चा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि दीपक साहू के नेतृत्व में गरियाबंद जिले में युवा मोर्चा संगठन नई ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्य करेगा। प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय, कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज ने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ताओं के दम पर ही संभव है। उन्होंने युवाओं के बीच संवाद बढ़ाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा संगठन की योजनाओं और कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।प्रदेश मंत्री अमित साहू, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने दीपक साहू से युवा मोर्चा की आगामी गतिविधियों, सदस्यता विस्तार अभियान और संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा को सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं के बीच अपनी मजबूत पहचान बनानी होगी। साथ ही युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देकर समाज और राष्ट्रहित के कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। गरियाबंद जिला प्रभारी अमित चिमनानी ने दीपक साहू को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन की कार्यपद्धति के अनुरूप अनुशासन, समर्पण और टीम भावना के साथ कार्य करने की सीख दी। इस अवसर पर दीपक साहू ने सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि गरियाबंद जिले के प्रत्येक मंडल और बूथ स्तर तक युवा मोर्चा को सशक्त बनाया जाएगा। अधिक से अधिक युवाओं को भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ते हुए संगठन विस्तार, जनसेवा और जनजागरण के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही युवाओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उनके समाधान के लिए भी निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

### दबाव झेल रहा इंदिरा गांधी बस स्टैंड, नए बस स्टैंड की उठी मांग

# नवापारा बस स्टैंड में यातायात समस्या का नहीं हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नगर का इंदिरा गांधी बस स्टैंड आज अपनी क्षमता से कई गुना अधिक दबाव झेल रहा है। वर्षों पहले निर्मित यह बस स्टैंड अब बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या के अनुरूप नहीं रह गया है। स्थिति यह है कि यदि एक साथ चार बसें खड़ी हो जाएं तो पूरा बस स्टैंड भर जाता है। इसके बाद बसों और अन्य वाहनों का संचालन सीधे मुख्य सड़क पर होने लगता है, जिससे हर समय जाम और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रायपुर-राजिम मार्ग का प्रमुख पड़ाव होने के कारण यहां प्रतिदिन लगभग 70 मिनी बसों का आवागमन होता है। इसके अलावा आरंग मार्ग की बसें भी यहीं से संचालित होती हैं। मगरलोड, कुरूद और धमतरी की ओर जाने वाली कई बसों को जगह नहीं मिलने के कारण सड़क के दूसरी ओर खड़ा होना पड़ता है। इससे यातायात पूरी तरह अव्यवस्थित हो जाता है। बस स्टैंड मुख्य सड़क से बिल्कुल सटा हुआ है। एक ओर आधा दर्जन ऑटो हमेशा खड़े रहते हैं। ऐसे में बसों, ऑटो और अन्य वाहनों के बीच जगह इतनी कम बचती है कि एक वाहन के निकलने पर दूसरे को रुककर इंतजार करना पड़ता है। व्यस्त समय में यहां लंबा जाम लगना आम बात हो गई है और यात्रियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विडंबना यह है कि बस स्टैंड परिसर में बड़ा प्रतीक्षालय (हॉल) बना हुआ है, लेकिन उसका उपयोग यात्रियों के लिए नहीं हो पा रहा है। भवन का निर्माण भी इस प्रकार हुआ है कि वह यात्रियों की वास्तविक जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहा है। परिणामस्वरूप यात्री धूप, बारिश और ठंड में खुले में बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं।



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर के बीचों-बीच स्थित यह छोटा बस स्टैंड अब यातायात व्यवस्था पर बोझ बन चुका है। बढ़ती बसों और यात्रियों की संख्या को देखते हुए नगर सीमा के बाहर पर्याप्त भूमि पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए बस स्टैंड का निर्माण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। नए बस स्टैंड से शहर के भीतर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी, दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी और यात्रियों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। नगरवासियों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि जनहित को देखते हुए नवापारा बस स्टैंड को शीघ्र किसी उपयुक्त एवं विस्तृत स्थान पर स्थानांतरित करने की योजना बनाई जाए, ताकि भविष्य की यातायात आवश्यकताओं के अनुरूप एक व्यवस्थित और सुरक्षित बस टर्मिनल विकसित किया जा सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411